नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 16 जुलाई 2026

मतपेटियों में बंद उम्मीदवारों का भविष्य

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव संपन्न

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 15 जुलाई. शहर में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव के लिए वोटिंग हुई. भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 10 बजे से कोर्ट परिसर में वरिष्ठ और युवा वकीलों की भारी पेड़ देखने को मिली. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए वकील भाग्य आजमा रहे हैं.

शाम तक चले मतदान में मतपेटियों में उम्मीदवारों का भविष्य बंद हो गया है. आज गुरुवार को रिजल्ट घोषित किया जाएगा. जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसएस पटेल व सहायक अधिकारी राजेश अग्रवाल की देखरेख में मतदान शुरू हुआ.

मतगणना 16 जुलाई को प्रात: 10 बजे से होगी. ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी एक मात्र प्रत्याशी होने से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है.अध्यक्ष पद के लिए अजय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज जराठे व सुरेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार हैं. वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह ठाकुर, केशव सिंह चौहान, और नीरज कुमार पटेल मैदान में थे. सचिव पद के लिए आशीष सिंह ठाकुर, अनुपम दुबे व मोहन लाल यादव के बीच चुनाव हुआ.

सहसचिव पद के लिए राकेश शर्मा और सीके कुरापा के बीच सीधी टक्कर है. महिला के लिए आरक्षित कोषाध्यक्ष पद के लिए गुरप्रीत सिंह कौर, कुमारी प्रमिला शर्मा, शमशाद खान के बीच चुनाव हुआ. वहीं कार्यकारिणी पद हेतु श्रीकांत रघुवंशी, नीता चौधरी, बालकराम अहिरवार, लखन लाल कीर, प्रशांत गोहला, दीप्ति राठौर, आनंद गिरी व सलोनी अग्रवाल मैदान में थे. अब चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा की जा रही है.

481 ने किया मताधिकार का उपयोग

मतदान कार्यक्रम शांति पूर्वक सम्पन्न हो हुआ . सूची के मुताबिक कुल अधिवक्ता मतदाता 578 थे इसमें से 481 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया . 97 अधिवक्ताओं मतदान में हिस्सा नहीं लिया . सभी प्रत्याशियों के समक्ष निर्वाचन अधिकारी ने मतपेटी को सील किया .16 जुलाई को सुबह 10 बजे से मतगणना शुरू होगी, शाम चार बजे तक परिणाम सामने आने उम्मीद है .

दो चोरी के मामलों का हुआ खुलासा

साढ़े सात लाख का माल हुआ बरामद

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 15 जुलाई. कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई 1.50 लाख की चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है.पुलिस ने आरोपी सदानंद कहार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली.

पुलिस के अनुसार, कालिका नगर निवासी महेन्द्र कहार ने 15 जुलाई को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर के मुख्य गेट का कुंदा तोड़कर अंदर घुसा और अलमारी में रखे 1.50 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गया. थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध सदानंद कहार कमिश्नर कॉलोनी से पूछताछ की. पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया.

डामर प्लांट से 6 लाख का जनरेटर चोरी के आरोपी गिरफ्तार

कुलामड़ी बायपास रोड स्थित एक डामर प्लांट से 6 लाख रुपये कीमत का अशोक लीलैंड कंपनी का जनरेटर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को थाना देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है . पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया जनरेटर और घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी जब्त किया है . 3 जुलाई को ईशान परिसर फेस-2 निवासी रुपेश मालवीय ने डामर प्लांट से जनरेटर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी . पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस . थोटा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में टीम गठित कर जांच शुरू की गई थी .

एसटीआर तवा बफर में वित्तीय गड़बड़ी पर कार्रवाई

रेंजर समेत चार वनरक्षक निलंबित

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 15 जुलाई. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के तवा बफर में वित्तीय अनियमितता और शासकीय कार्यों में लापरवाही के मामले में वन विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है.

डिप्टी डायरेक्टर ऋषिभा नेताम ने मंगलवार शाम तवा बफर के रेंजर अमित सिंह चौहान और चार वनरक्षकों के निलंबन के आदेश जारी किए. मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है. यह कार्यवाही 9 बिंदुओं पर कराई गई जांच के बाद की गई.प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रेंजर अमित चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बिना इको सेंसिटिव जोन के ग्राम धांसई में होम स्टे का निर्माण होने दिया. इसके अलावा भतौड़ी इको विकास समिति के तहत नए तालाब निर्माण और पुराने तालाबों के गहरीकरण कार्यों में भी वित्तीय अनियमितता के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए. आरोप है कि स्वीकृत कार्यों की तुलना में कम कार्य कराया गया, जबकि भुगतान पूरी स्वीकृत राशि के अनुसार कर दिया गया.

मामले की शुरुआत इटारसी के तत्कालीन सहायक संचालक विनोद वर्मा द्वारा 23 जून को भेजी गई 9 बिंदुओं की शिकायत से हुई थी. शिकायत के आधार पर फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा के निर्देश पर पिपरिया के सहायक संचालक आशीष खोपरागड़े और रेंजर मरावी ने दोबारा जांच की शिकायत के कई आरोप सही पाए गए.

डिप्टी डायरेक्टर ऋषिभा नेताम ने बताया कि रेंजर अमित सिंह चौहान के खिलाफ शासकीय कार्यों में लगातार लापरवाही और वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध होने पर उन्हें निलंबित किया गया है. उनके साथ वनरक्षक राजकिशोर राय, संजय सिंह बेस, प्रशांत सिंह और लाल सिंह चावले को भी निलंबित किया गया है. सभी को आरोप पत्र जारी किए जाएंगे.

जल गंगा संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए देवेंद्र सम्मानित

पिपरिया, 15 जुलाई. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड पिपरिया में आज विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी एवं मुख्य अतिथि जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी के रूप में उपस्थित रहीं.

बैठक में जन अभियान परिषद के उद्देश्यों एवं गतिविधियों के साथ-साथ बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों की भूमिका, लक्ष्य एवं दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई. इसके अतिरिक्त नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया.जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी के विकासखंड पिपरिया में प्रथम आगमन के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद परिसर, पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम का पौधरोपण किया. विकासखंड के समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान के लिए देवेंद्र पटेल को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया .

31 तक कराएं पीएम फसल बीमा योजना में फसल का बीमा

हरदा.कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि संभावित अनियमित वर्षा व प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई 2026 तक अपनी अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं. जिले में मूंग, सोयाबीन, मक्का तथा सिंचित व असिंचित धान अधिसूचित हैं. अऋणी एवं एनपीए किसान कॉमन सर्विस सेंटर या बैंक में आवश्यक दस्तावेजों और फार्मर आईडी के साथ बीमा करा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन 14447 पर संपर्क किया जा सकता है.

छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष के कारावास की सजा

पिपरिया. 15 जुलाई. नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा पाक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई व 2 हजार रूपये को जुर्माना लगाया.

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के न्यायालय में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी बाबू लाल पाल को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 2 हजार रूपये का जुर्माने की सजा सुनाई. 4 फरवरी 23 को पीडित बालिका के पिता ने बनखेडी थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत की थी. बेटी कक्षा 9 वीं मे पढती थी व स्कूल जाने का कहकर गई थी परंतु स्कूल नही गई. पुलिस द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की जिसमें बहला फुसलाकर ले जाने की बात सामने आई . पुलिस ने लोकेश के आधार पर आरोपी बाबू लाल शादी का झांसा देकर ओडिशा ले गया था जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया. अभियोजन पक्ष में न्यायालय में 20 गवाहो के साथ साक्ष्य प्रस्तुत किये. अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यो व तर्को से सहमत होते हुए आरोपी बाबूलाल को दोषी माना व दंडित किया. इस मामले में अभियोजन नर्मदापुरम गोविंद शाह राजकुमार नेमा के मार्गदर्शन में एडीपीओ जगदीश कुमार पर्ते ने पेरवी की.

एक नजर में

मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

नर्मदापुरम . माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, पवारखेड़ा में छात्राओं के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया .कार्यक्रम का संचालन जिला चिकित्सालय की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी ने किया . कार्यक्रम के दौरान सुश्री सिद्दीकी ने छात्राओं से खुलकर बातचीत की . उन्होंने छात्राओं की मानसिक, शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए जरूरी परामर्श व मार्गदर्शन दिया . उन्होंने छात्राओं को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीके बताए . साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपनी समस्याओं और भावनाओं को बिना किसी संकोच के साझा करें .कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य जॉयस सॉलोमन सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा .

'आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प' आज से

हरदा . कोष एवं लेखा संचालनालय द्वारा आईएफएमआईएस पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए 16 एवं 17 जुलाई 2026 को 'आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प' लगाया जायेगा . जिला कोषालय अधिकारी हरदा रूम सिंह डुडवे ने बताया कि शासकीय वित्तीय संव्यवहारों को सुचारू बनाने एवं आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आगामी 16 और 17 जुलाई 2026 को जिला कोषालय हरदा में दो दिवसीय विशेष 'आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प' का आयोजन किया जा रहा है . यह शिविर हरदा कोषालय के अंतर्गत आने वाले समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों के लिये जिला कोषालय हरदा में किया जा रहा है .

आरक्षक की पदोन्नती हुई

पिपरिया . आरक्षक अमरदास कलाम पदोन्नत हुए एसपी सांई कृष्णा एस थोटा नर्मदापुरम द्वारा आरक्षक अमरदास कलाम की पदोन्नती की टीआई आदित्य सेन द्वारा आरक्षक की भुजाओं पर फित्ती लगाकर आरक्षक को प्रधान आरक्षक का कार्यभार सौपा .

आचार्यश्री समय सागर महाराज का नगर में भव्य मंगल प्रवेश

नर्मदापुरम.जैन धर्म के महान तपस्वी एवं आचार्यश्री 108 विद्यासागर महाराज के विद्या शिरोमणि शिष्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज का बुधवार को 20 पिच्छी मुनिराजों के विशाल संघ के साथ नर्मदापुरम में भव्य मंगल प्रवेश हुआ. आचार्य श्री के आगमन को जैन समाज ने ऐतिहासिक, गौरवपूर्ण और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण बताया.नागपुर से भोपाल की ओर मंगल विहार कर रहे आचार्य श्री का नर्मदापुरम में भव्य स्वागत किया गया. उनके आगमन से समाज में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का वातावरण बन गया.

जनसुनवाई में आये 19 आवेदन

पिपरिया, 15 जुलाई. जनसुनवाई में 19 ओवदन आये अधिकांश आवेदनो को नायब तहसीलदार ने संबंधित विभागो को भेज निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये.

जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस में नाम जोडने हेतु मटकुली ग्राम के 30 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया व कहा कि पात्रता का परीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस मे नाम जोड़ा जावे. इसी प्रकार गाडाघाट के हितग्राहियो ने भी पीएम आवास सूची से पात्र हितग्राहियों के नाम काटे जाने की शिकायत की. जनप्रतिनिधियों ने भी पीएम आवास के सर्वे में अनियमितता होने की शिकायत करते हुए पात्र हितग्राही छूट गये है उन्हे जोडे जाने की मांग की. जयप्रकाश वार्ड से आवारा सूअरो के विचरण को लेकर आवेदन दिया. गंदगी के कारण मौहल्लेवासी व स्कूली बच्चे परेशान है. पूर्व पटवारी अरूण दुबे ने मेडिकल भुगतान न मिलने व क्रमोन्नति रोके जाने,श्रीलाल सराठे ने पीएम आवास की दूसरी किश्त नही मिलने,हरीसिंह ने पैतृक जमीन से अवैध कब्जा हटाने,बीजनवाडा के बीएस पटेल ने जल निकासी की समस्या, हथवांस के काशीराम व ग्रामीणो ने हाईटेंशन लाइन हटाने,सुरेश विश्वकर्मा ने अपनी भूमि पर से नहर निकाले जाने व रिकार्ड में सुधार करने आदि के प्राप्त हुए.

आज दर्शन देने निकलेंगे प्रभु जगन्नाथ

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 15 जुलाई. जगत के स्वामी अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विराजित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु गुरुवार 16 जुलाई को भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे.

जानकारी देते हुए मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष कुमार शर्मा और पीठाधीश्वर बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि देव स्नान पूर्णिमा पर स्नान के बाद भगवान को ज्वर हो गया था. उसके बाद का उपचार किया गया. उसके बाद प्रभु स्वस्थ हुए. उन्होंने बुधवार को भक्तों को दर्शन दिए. इसके बाद गुरुवार को भगवान की रथ यात्रा नगर में निकलेगी.

यात्रा डोंगरवाद से आरंभ होकर रामजी बाबा संधू स्थल पहुंचेगी. यहां पूजन अर्चन के बाद यात्रा बॉस स्टैंड, सात रास्ता, न्यू जय स्तंभ चौक, हलवाई चौक, सराफा चौक, कासेरा बाजार, मोरछली चौक, इंदिरा चौक, गांधी चौक, एसएनजी स्कूल के सामने, सर्किट हाउस चौराहा, एनएमबी कॉलेज के सामने से, आनंद नगर, मीनाक्षी चौक, महिला थाना, जेल के सामने से होते हुए पटवारी कालोनी, कालिका नगर से गुंडिचा भवन स्वयंवरम गार्डन पहुंचेगी.आज गुरुवार को जगदीश मंदिर में भगवान का महास्नान होगा.

प्री-प्राइमरी विंग द्वारा हर्षोल्लास से मनाया ग्रीन डे

नवभारत न्यूज

हरदा, 15 जुलाई. संस्कार विद्यापीठ सीबीएसई विद्यालय में प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा ग्रीन डे का आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के महत्व, स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली तथा प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था.

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने 'सेव अर्थ', 'पेड़ लगाओ-धरती बचाओ' तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित आकर्षक स्किट, कविताएँ एवं संदेशात्मक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया. नन्हे कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय एवं सरल संदेशों के माध्यम से वृक्षारोपण, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाया. सभी विद्यार्थी हरे रंग के सुंदर परिधानों में विद्यालय पहुँचे. अनेक बच्चों ने फलों एवं हरी सब्जियों का आकर्षक रूप धारण कर उनकी पौष्टिकता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों की जानकारी दी. बच्चों ने बताया कि हरी सब्जियाँ एवं फल हमारे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं तथा स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का दिल जीत लिया.इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन परिवार की ओर से श्रीमती नेहा पटेल, श्रीमती जिज्ञासा पटेल , श्रीमती नैना पटेल एवं श्रीमती डिंपल पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की.

> विद्यालय की प्राचार्या सुश्री राजेश्वरी गीते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं . कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया .

राम मंदिर दान राशि चोरी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 15 जुलाई. अयोध्या स्थित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर में दान राशि चोरी के मामले को लेकर नगर कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया.

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता हनुमान मंदिर पहुंचे और भगवान हनुमान को प्रतीकात्मक आवेदन सौंपते हुए दोषियों को कठोर दंड दिलाने की मांग की. इस दौरान पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार पर भरोसा नहीं है कि वह दान राशि चोरी के वास्तविक आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें सजा दिला पाएगी. उन्होंने कहा कि इसलिए भगवान हनुमान से प्रार्थना की गई है कि वे स्वयं दोषियों को उनके कृत्य का उचित दंड दें. वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष तोमर ने कहा कि श्रीराम मंदिर की दान राशि चोरी की घटना से करोड़ों श्रद्धालुओं और रामभक्तों की आस्था को गहरा आघात पहुंचा है. दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना जरूरी है. कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रगोपाल मलैया, अनोखी राजोरिया, मीना वर्मा, मंजूलमनी ढिमोले, आजाद भाटिया आदि ने व्यक्त किया.

नसीहत भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करें कार्यकर्ता : विजयपाल

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,15 जुलाई.भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह से सौजन्य भेंट की.

इस दौरान किसान मोर्चा जिला मंत्री साहब सिंह पटेल, जिला मंत्री भरत पटेल, जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा घनश्याम रघुवंशी, सोहागपुर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनारायण रघुवंशी, शोभापुर मंडल अध्यक्ष रामबाबू पटेल, सेमरी मंडल अध्यक्ष चेतन मीना का विधायक विजयपाल सिंह ने

स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी. उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं. मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार किसानों के कल्याण और कृषि विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है. सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, खेती को अधिक लाभकारी बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है.उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव और प्रत्येक किसान तक पहुंचाने का कार्य करें तथा संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सक्रिय भूमिका निभाएं.

> विधायक विजयपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे . इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, ज्योति चौरे, लोकेश तिवारी, प्रशांत दीक्षित, वंदना दुबे, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मिथलेश ठाकुर, अरूण मलैया, लखन रघुवंशी, भगवत रघुवंशी, रामाधार रघुवंशी, ललित पटेल, अरविंद रघुवंशी, राजेश रघुवंशी भाईसाहब पटेल सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे .

स्कूल की छत से गिरे प्लास्टर से छात्रा घायल

- कलेक्टर ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल
- दोषियों के खिलाफ जांच करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

हरदा , 15 जुलाई. जिले के हनीफाबाद स्थित शासकीय विद्यालय में बुधवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया.विद्यालय की कक्षा की छत से अचानक प्लास्टर (सीमेंट के टुकड़े) गिरने से कक्षा में बैठी छात्रा प्रियांशी घायल हो गई.

घटना के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों में दहशत फैल गई.घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालय पहुंचे और भवन का निरीक्षण किया. घायल छात्रा को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है तथा विद्यालय भवन की सुरक्षा का आकलन किया जा रहा है.

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन जिला अस्पताल पहुंचे और घायल छात्रा प्रियांशी से मुलाकात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली. चिकित्सकों से उपचार की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि छात्रा को बेहतर से बेहतर उपचार एवं हरसंभव चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए.